





# श्रीराधा अष्टमी पर श्योपुर बना मिनी वृंदावन

## राधाकृष्ण की मनमोहक झाकियों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा, राधा के भजनों पर जमकर थिरके वैष्णवजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 31 अगस्त।** जिले में श्रीराधा कृष्ण को अपना आराध्य मानने वालों की संख्या अच्छी खासी है। क्षेत्र में राधा कृष्ण के मंदिर भी बड़ी संख्या में है किले में राधारानी जी का मंदिर भी ख्याति प्राप्त है जहां राधाष्टमी पर भंडारा आयोजित किया जाता है। राधाष्टमी उत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए सर्व क्षेत्रीय राधा मण्डल का गठन किया गया है जिसके द्वारा प्रतिवर्ष भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है। इसी क्रम में आज रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र की कई भजन मंडलियों ने भाग लिया।

राधाष्टमी महोत्सव के व्यवस्थापक डॉ. राधेश्याम गुप्ता पचीपुरा वालों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राधाष्टमी का यह 25वां आयोजन है। जिसमें ग्राम अजापुरा गलमान्या, नयागांव, ढोंढपुर, विलेण्डी, मेखडी, मालीपुरा सहित श्योपुर के भजन मंडलों ने भाग लिया। राधा अष्टमी पर राधाजी की भव्य शोभायात्रा दोपहर 12 बजे हजारेश्वर उद्यान स्थित राधाकृष्ण मंदिर से प्रारम्भ हुई। जुलूस में आगे विभिन्न ग्रामों से आई भजन मंडलियां राधाकृष्ण के गोप्य भजन गाते चल रही थी। वाद्ययंत्रों की धुन पर कई श्रद्धालु नृत्य करते चल रहे थे। जुलूस के पीछे एक रथ में राधाजी की तस्वीर सजी थी इसके साथ राधाकृष्ण की सुन्दर झांकी भी चल रही थी। स्थान-स्थान पर इस शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार धर्मशाला में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक डॉ. राधेश्याम गुप्ता ने इस अवसर पर पधारी भजन मंडलियों तथा कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले धर्म प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

**श्योपुर में 8 माह बिराजी थी बरसाना की राधारानी :** न 1773 में जब मुगल अक्रांताओं के बरसाना आने की सूचना मिली तो बरसाना के श्रीजी मंदिर के सेवायत राधारानी के विग्रह को लेकर श्योपुर आ गये थे, यहां वे किला स्थित राधा कुंज में श्रीराधा रानी के विग्रह की सेवा पूजा 8 माह तक की गई, और जब मुगलो का आतंक खत्म हो गया तो यहां से वापस राधारानी के विग्रह को ले जाने के लिए सेवायत अधिकारी श्योपुर पहुंचे लेकिन उन्होंने विग्रह को वापस करने से मना कर दिया, इसके बाद समझाइश के तौर पर एक सखी विग्रह को यहां स्थापित किया गया और निरंतर सेवा पूजा यथावत चलती आ रही है। इसलिए श्योपुर में बरसाना की लाडली का अद्भुत प्रेम और रस की छटा बिखरती है।

### स्थान स्थान पर हुआ भव्य स्वागत, बांटी बधाईयां

श्रीराधाअष्टमी के अवसर पर शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्थान स्थान पर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। श्रीहजारेश्वर महादेव प्रांगण में स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुची जहां श्रीगिर्राज सेवा समिति द्वारा शानदार स्वागत किया गया और जमकर बधाईयां बांटी गई, इस दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों ने भी उत्सव में काफी आनंद लिया, इसके पश्चात यह शोभायात्रा पाली रोड, श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर होते हुए शिवपुरी रोड स्थित प्रसादम होटल और मैन बाजार होते हुए स्वर्णकार धर्मशाला पर पहुंची जहां भंडारे का आयोजन किया गया।

# सांप के काटने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 31 अगस्त।** जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरगवां में एक युवक को उसके घर में सांप ने शनिवार की शाम 4 बजे काट लिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि सूचनाकर्ता जगदीश पुत्र कोमल आदिवासी उम्र 31 साल नि. बरगवां ने थाने में सूचना दी कि बरगवां में उनके घर पर 22 वर्षीय धनराज पुत्र घनश्याम आदिवासी को सांप ने काट लिया, जिसे उपचार के लिए कराहल अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# ऑनलाइन काव्यपाठ प्रतियोगिता में 10 तक मांगी प्रविष्ठि

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 31 अगस्त।** राष्ट्रभाषा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विविधा सृजन संस्थान का विशेष आयोजन ऑनलाइन आयोजित होने जा रहा है। इसमें जिले के स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्र/छात्रा भागीदारी कर सकेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को संस्थान द्वारा प्रदाय रचना का पाठ करना होगा। तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित होने के साथ साथ प्रतिभा प्रसार व साहित्य समागम में सहभागिता का भी प्रतिष्ठापूर्ण अवसर पा सकेंगे।

**पूरी तरह नि:शुल्क है आयोजन**

वीडियो के रूप में ऑनलाइन प्रविष्टि प्रेषित करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर 2025 तक तय है। पाठ के लिए रचना प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05 सितंबर निर्धारित है। आयोजन पूरी तरह नि:शुल्क है।

विस्तृत जानकारी व स्पष्ट नियमों के लिए व्हाट्सअप नंबर 8959493240 पर संपर्क की प्रक्रिया 01 सितम्बर से आरंभ हो जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष व सचिव ने हिंदी साहित्य और काव्य विधा में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## एक नजर में



### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**श्योपुर, 31 अगस्त।** जिला अस्पताल में आज रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महावीर गुप्ता ने 55, दिनेश साहू ने 52, रामलखन नापाखेडली ने 52, महावीर सिसोदिया ने 18 और दिनेश राज दुबोलिया ने 16 बार रक्तदान किया। इस दौरान जिलेभर में कार्यरत रक्तदानी संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ जिसे ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया हैं। यह जानकारी देते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव दिनेशराज दुबोलिया ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्वैच्छिक रक्तदानियों ने पहुंचकर रक्तदान किया वहीं समाजसेवी संस्थाओं ने भी शिविर में सहयोग करते हुए रक्तदान करने वाले रक्तदानियों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान कुल 31 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ हैं, जिन्हे प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से एसडीएम गगन मीणा, सीएमएचओ दिलिप सिकरवार, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, महावीर गुप्ता, अरूण ओसवाल, हरेन्द्र राजावत, गिर्राज सर्राफ सहित बडी संख्या में समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




### बिन गुरू जीवन अंधकार समान

**श्योपुर।** श्योपुर-पाली रोड पर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन रायपुरा में रविवार को दोपहर 2 बजे निरंकारी महिला समागम का आयोजन किया गया जिसमें सतगुरु सुदीक्षा महाराज के पावन संदेश देने हेतु प्रचारक बहन हरजिंदर कौर ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए बताया कि गुरु के ब्रह्मज्ञान बिना जीवन में अंधियारा है जिन संतो ने गुरु के ज्ञान को जीवन अपनाया भवसागर से पार हुआ है। आज दुनिया में अनेक गुरु है लेकिन पूर्ण सतगुरु वह है जो हमारे समीप निराकार परमात्मा का अहसास करा दे। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज आज ये संदेश पूरी दुनिया को दे रहे है सतगुरू महाराज जी कृपा से ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त कर जीवन सार्थक किया जा सकता है। समागम में सुठारा, माकडौद, हीरापुरा, बड़ौदा, गुरनावदा, शिवपुरी से सैंकड़ो की संख्या में साधकों ने भागीदारी की वहीं महिलाओं ने गीत, प्रवचन, कवितारूप में आर्शीवाद लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट भी शामिल हुए जिन्होंने अपने भाषण में कहा कि अनुशासन निरंकारी मिशन से सीखने की जरूरत है। संत निरंकारी मंडल के प्रमुख राधेश्याम सिंह ने उपस्थित साधकों का आभार प्रकट किया है। यह जानकारी जिला मिडिया सहायक हीरा नायक ने दी। अंत में लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया।

### आपस में बैठने की बात को लेकर दो पक्षो में मारपीट

**श्योपुर।** जिले के ढोढर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोतवाल की झोपड़ी में दो पक्षो में एक युवक देवीशंकर के साथ उठने बैठने की बात को लेकर शनिवार की शाम 5 बजे जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में दोनो पक्षो की रिपोर्ट पर क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादी प्रकाश पुत्र चिरोंजी माली ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर के सामने आरोपीगण हरिओम, रामद्वारिका, सुंदर और बृजमोहन माली ने देवीशंकर के साथ उठने बैठने की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपियो के खिलाफधारा 115 (2), 296,351 (3), 3 (5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी हरिओम पुत्र रामप्रसाद माली की रिपोर्ट पर आरोपीगण प्रकाश, नीरज और लीला माली के खिलाफधारा 115(2),296,351 (3), 3 (5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**श्योपुर, 31 अगस्त।** जिले के कराहल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोगिया का टपरा में एक आरोपी को पुलिस ने अवैघ शराब के साथ शनिवार की रात्रि 9 बजे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी राजेश पुत्र रामकिशोर मोगिया उम्र 25 साल नि. उपरीखोरी शनिवार की रात्रि में अवैध रूप् से मोगिया के टपरा आम रोड पर अवैघ रूप से हाथभट्टी की बनी 7 लीटर कच्ची शराब लेकर विक्रय की नियत से जा रहा था, जिसे मौके से मय शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

# बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा एकमात्र विकल्प : जंडेल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 31 अगस्त।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम इच्छापुरा में स्थित माली समाज के छात्रावास में रविवार को दोपहर 3 बजे माली समाज सर्वांगिण विकास समिति द्वारा माता सावित्री देवी फूले पुस्तकालय उद्घाटन समारोह एवं च्च प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबू जंडेल मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम रूपेश उपाध्याय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों ने पुस्तकालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

**इच्छापुरा में सावित्रीदेवी फुले पुस्तकालय का हुआ शुभारम्भ**



जानकारी देते हुए माली समाज सर्वांगिण विकास समिति के अध्यक्ष डॉ देवीशंकर सुमन ने बताया कि समाज के होनहार, मेधावी, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, को सम्मानित करने एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पुस्तकालय का शुभारम्भ किया गया है, इस मौके पर कार्यक्रम में पधारे विधायक बाबू जंडेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि माता सावित्री देवी फुले ने समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के अधिकार को बढ़ावा देने का कार्य किया था, शिक्षा ही असली शक्ति है क्योंकि बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा एक मात्र विकल्प हैं, जो समाज को प्रगति और आत्मनिर्भरता की और ले जाती है। इस दौरान समाजबंधुओं द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान एडीएम श्री उपाध्याय ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के सपनों को संबल देने और समाज को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने का एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम में सत्यनारायण सुमन, धन्नालाल सुमन, रामअवतार सुमन, रामलखन सुमन, रामरूप सुमन, महावीर सुमन सहित बडी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।



# श्वेताम्बर जैन समाज ने निकाला वरघोड़ा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 31 अगस्त।** शहर में रविवार को सुबह 11 बजे श्वेतांबर जैन समाज की ओर से तपस्विनी नेहा नकुल जैन के 11 दिन के कठोर तप और उपवास की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में भव्य वरघोड़ा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा श्वेतांबर जैन मंदिर से शुरू हुई, जो मेन बाजार और गुलंबर चौक से होती हुई पुन: मंदिर परिसर तक पहुंची।

यात्रा में बैंड-बाजों की धुनों पर श्रद्धालु झूमते हुए भजनों पर नृत्य करते नजर आए। बच्चों और युवाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। मंदिर पहुंचने पर समाजजनों ने तपस्विनी सहित जैन तपस्वियों का सम्मान किया। इसी दौरान दिगंबर जैन समाज का दशलक्षण महापर्व भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है, जो 6 सितंबर तक चलेगा। इस पर्व में प्रतिदिन श्रीजी का अभिषेक, पूजा और शाम को शास्त्रसभा का आयोजन किया जाता है। समाज के ऋषभ जैन ने बताया कि आगामी 2 सितंबर को सुगंध दशमी पर विशेष पूजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। दिनभर शहर का धार्मिक वातावरण खासा जीवंत रहा। वरघोड़ा यात्रा से लेकर शास्त्रसभा तक जैन धर्मावलंबियों ने संयम, तप और भक्ति का अद्भुत परिचय दिया। दोनों जैन समाजों के धार्मिक आयोजन से न केवल समाजजनों बल्कि पूरे शहर में आस्था और आध्यात्मिकता की लहर दौड़ती रही।

# ऑटो यूनियन की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 31 अगस्त।** बडौदा रोड स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को दोपहर 3 बजे ऑटो यूनियन एवं ऑटो स्वामियों की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे।



बैठक में एसडीओपी श्री गुप्ता ने ऑटो चालकों एवं यूनियन को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि ऑटो में रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेस, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। चालकों को वर्दी और नेम प्लेट पहनना जरूरी होगा। सवारियों से निर्धारित किराया ही लेना होगा, उन्होंने कहा कि ऑटो में ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध है वहीं चालक के बगल की सीट पर सवारी नहीं बैठा सकेंगे, वहीं नाबालिग ऑटो भी नहीं चलायेंगे और नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी साथ ही ऑटो में सरिया और मार्बल जैसे खतरनाक सामान का परिवहन वर्जित है।

सभी ऑटो पर आगे-पीछे रजिस्ट्रेशन नंबर और यातायात थाने का यूनिक कोड नंबर अंकित करना होगा। ऑटो में अतिरिक्त ग्लास या तेज आवाज वाले स्पीकर नहीं लगा सकेंगे। वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करना होगा। सवारियों को बाएं दरवाजे से ही उतारना होगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले चालकों और वाहन मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुराने विवाद को लेकर युवक से मारपीट

**श्योपुर, 31 अगस्त।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी रोड पर रामतलाई हनुमान मंदिर पर एक युवक से पुराने मकान के बंटवारे के विवाद को लेकर रविवार को दोपहर 2.30 बजे तीन आरोपियों ने मारपीट कर गाली गलौच की है। पुलिस ने मामले में आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादी आशीष पुत्र महेश कुमार गर्ग ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शिवपुरी रोड स्थित रामतलाई हनुमान मंदिर पर अपने पुराने मकान पर खडा था जहां भरत टिकिया वाले से बात कर रहा था, जहां कारीगरो से चर्चा की, इस बात पर वहां आरोपीगण भगवानदास गर्ग, गिर्राज गर्ग और डब्बू गर्ग आ गये, जिन्होंने लात घूंसो एवं डंडे से मारपीट कर दी, जिसमें वह चोटिल हो गया है। पुलिस ने मामले में आरोपियो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।






# युवाओं को जोश और उत्साह से भर रहना चाहिए : डॉ . गोस्वामी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 31 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस को भारत के महानतम खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है।

इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत दतिया मध्य प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्ववर्धन में शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ द्वारा ग्वालियर रोड स्थित गार्डन पब्लिक स्कूल में बालक एवं बालिकाओं का वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया।

श्री खेड़ापति सरकार कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल व कॉलेज स्तर खेल वाद विवादए फिटनेस वार्ता एवं स्वदेशी खेलो पर आधारित खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य श्री डॉ निलय गोस्वामी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए और हमें हमेशा जोश से भर रहना चाहिए जब तक हम अपना लक्ष्य प्राप्त न कर लें ।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र सिंह यादव कीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालयए एस आई वेद गॉडए भारत श्रीवास्तव अध्यक्ष श्री खेड़ापति ग्रुप का कॉलेजए रामनिवास गुर्जर हेड कांस्टेबलए ब्लॉक साम्यवक सोनम सिंह राजपूतए आदि लोग उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में 350 से अधिक बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें पूर्व में रहे राष्ट्रीय स्तरीय वॉलीबॉल खिलाड़ी राम जी खरे और शूटिंग चैंपियन ध्यानेंद्र सिंह परमार भाडोल का अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । वहीं कार्यक्रम का स्वतंत्र मंच संचालन शहीद भगत सिंह युवा मंडल इन्दरगढ़ के अध्यक्ष दीपक गुर्जर सेरसा ने किया।

कार्यक्रम के पश्चात विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सभी अतिथियों ने बच्चों को खेल शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गौरव गुर्जरए सौरभ श्रीवास्तवए कृष्ण शर्माए राधा नरवरिया आदि लोगों उपस्थित रहे।